INTERNATIONAL JOURNAL OF NOVEL RESEARCH AND DEVELOPMENT (IJNRD)
© 2026 IJNRD | Volume 11, Issue 2, February 2026 | ISSN: 2456-4184 | IJNRD.ORG

# भाषाई अनुवाद और व्यवसाय

**भांड गीताई सिताराम,**
**सहा.प्राध्यापिका,हिन्दी विभाग,**
**सावित्रीबाई फुले पुणे विद्यापीठ संलग्न**
**मुला एज्युकेशन के**
**श्री ज्ञानेश्वर महाविद्यालय,**
**तालुका-नेवासा, जिला-अहिल्यानगर**

**शोध सारांश**

देश विदेश की यात्रा में तीर्थाटन और वाणिज्यिक व्यापारिक आयामों के जहाँ महत्व मिलता है, वहाँ अनुवाद ज्ञानार्जन का माध्यम भी है। पर्यटन आज व्यवसाय बन गया है। पर्यटन से मनुष्य को रोजमर्रा की भागदौड़ के जीवन से विश्राम मिलता है। धर्म, संस्कृति, क्रीडा विभिन्न प्रकार की स्थापत्य कला, प्रादेशिक विभिन्नता के कारण पर्यटन विकास हो रहा है। आज पर्यटन क्षेत्र मे अनुवाद की असीम संभावनाएँ बढ़ रही है। कंपनियाँ अपने उत्पादों और सेवाओं को स्थानीय बाज़ारों तक पहुँचाने के लिए अनुवाद का उपयोग करती हैं, जिससे ग्राहक आधार बढ़ता है और राजस्व में वृद्धि होती है। इसमें वेबसाइटों, मार्केटिंग सामग्री और ऐप को स्थानीय बनाना शामिल है, जिससे वैश्विक पहुँच बढ़ती है। अनुवाद अब केवल साहित्य तक सीमित नहीं, बल्कि प्रशासन, शिक्षा, मीडिया, विज्ञापन और तकनीकी क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण उद्योग और रोजगार का साधन बन गया है, खासकर भूमंडलीकरण और संचार क्रांति के कारण हिंदी की वैश्विक स्वीकार्यता बढ़ी है, जिससे भाषाई बाधाएं टूट रही हैं और व्यवसाय में हिंदी की उपयोगिता (जैसे विज्ञापन, ई-कॉमर्स) बढ़ गई है, जिसके लिए कुशल अनुवादकों की भारी मांग है, जो भाषा की तकनीकी और व्यावसायिक बारीकियों को समझते हों।

**बीजशब्द** - भाषाई अनुवाद, संप्रेषण, अन्तरण, समतुल्यता, अनुवादक, विश्‍व बंधुत्व, , लिप्यंतरणन्तरण, पुन:सृजन

## प्रास्ताविक

अनुवाद आज के जीवन का प्रमुख सेतु ही नहीं बल्कि अत्यंत अभिन्न अंग है। संसार में आज अनेकों भाषाएँ बोली जाती है। हमारा भारत देश एक बहुभाषिक देश है। अनेक भाषाओं में यहाँ विभिन्न सामाजिक, साहित्यिक, आर्थिक, राजनैतिक एवं व्यावहारिक संचित ज्ञान को सहज और आसान रूप में पूरे संसार में उपयोग में लाने के लिए भाषाई अनुवाद आवश्यक है। अनुवाद के अभाव में आज बहुविध ज्ञानार्जन की कल्पना नहीं की जा सकती।

## विषय विस्तार

भाषाई अनुवाद व्यवसाय एक उभरता हुआ क्षेत्र है। जो वैश्विक व्यापार की मांगों को पूरा करता है। यह अनुवाद सेवाओं को व्यवसाय संदर्भ में एकीकृत करके कंपनियों को अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में सफल बनाता है ।

## अनुवाद की परिभाषा

अनुवाद के पूर्ण स्वरूप को समझने के लिए यहाँ कुछ महत्त्वपूर्ण परिभाषाओं का उल्लेख किया जा रहा है :-

1. नाइडा : 'अनुवाद का तात्पर्य है स्रोत-भाषा में व्यक्त सन्देश के लिए लक्ष्य-भाषा में निकटतम सहज समतुल्य सन्देश को प्रस्तुत करना। यह समतुल्यता पहले तो अर्थ के स्तर पर होती है फिर शैली के स्तर पर।'

2. जॉन कनिंगटन : 'लेखक ने जो कुछ कहा है, अनुवादक को उसके अनुवाद का प्रयत्न तो करना ही है, जिस ढंग से कहा, उसके निर्वाह का भी प्रयत्न करना चाहिए।'

3. कैटफोड : 'एक भाषा की पाठ्य सामग्री को दूसरी भाषा की समानार्थक पाठ्य सामग्री से प्रतिस्थापना ही अनुवाद है।' 1.मूल-भाषा (भाषा) 2. मूल भाषा का अर्थ (संदेश) 3. मूल भाषा की संरचना (प्रकृति)

4. सैमुएल जॉनसन : 'मूल भाषा की पाठ्य सामग्री के भावों की रक्षा करते हुए उसे दूसरी भाषा में बदल देना अनुवाद है।'

"किसी एक भाषा की भाव सामग्री अथवा विचारो को समान अर्थवत्ता सहित दूसरी भाषा मे रूपातरित करना अथवा अभिव्यक्त करना ही अनुवाद कहलाता है। "लेकिन एक भाषा के विचार, भावों अथवा सामग्री को दूसरी भाषा में समान प्रवाह व प्रभाव से अंतरीत करने की प्रक्रिया इतनी सहज नहीं है। स्रोत भाषा से लक्ष भाषा मे अनुवाद करते हुए अभिव्यक्ति मूल से या तो बहुत जा बैठती है  या फिर इतने निकट आ जाती है कि दोनों ही रूपो मे अनुवाद अनुवाद कि

प्रतीति अनुभूति नहीं करता। एक भाषा की भावसंपदा को दूसरी भाषा में पूर्णत:अथवा अधिकाधिक संरक्षत रखना अनुवाद की उत्तमता अथवा श्रेष्ठता को दर्शाता है।अनुवाद की आवशकता नुसार लिवियस एंड्रोनिकस ने शुरुआती लिखित अनुवादों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेंट जेरोम अपने बड़े प्रभाव और अनुवाद सिद्धांतों की स्थापना के कारण "अनुवाद के जनक" कहलाते हैं। हिंदी में 'अनुवाद' शब्द अंग्रेजी के 'ट्रांसलेशन' शब्द के पर्याय के रूप में अपनाया गया है। भारत और पाश्चात्य देशों में धार्मिक और सर्जनात्मक साहित्य के अनुवाद का श्रीगणेश सबसे पहले हुआ है। प्रारंभ मे शब्दानुवाद पर अधिक बल दिया गया, किंतु बाद में उसे नकार कर भावानुवाद को सर्वोत्तम माना गया। सर्जनात्मक साहित्य के अनुवाद में मूल पाठ की चेतना तथा ऊष्मा पर सर्वाधिक ध्यान दिया गया। इसी संदर्भ में एडवर्ड फिट्ज़जेराल्ड ने तो यहाँ तक कह दिया कि ”भूसा भरे बाज़ से जीवित गौरेया बेहतर है”

"ब्रिटिश विद्वान कैटफर्ड ने अनुवाद को एक भाषा की पाठ्य सामग्री का दूसरी भाषा की समतुल्य पाठ्य सामग्री में प्रतिस्थापन माना है।''

भोलानाथ तिवारी के अनुसार, "किसी भाषा में प्राप्त सामग्री को दूसरी भाषा में भाषांतरण करना अनुवाद है।"

डॉ. पूरन चंदन के अनुसार, "एक भाषा से दूसरी भाषा में प्रस्तुतीकरण की प्रणाली अनुवाद कहलाती है।

अनुवाद का स्वरूप और क्षेत्र व्यापक हैं। इसमें स्रोत भाषा के मूल पाठ के भाषिक अर्थ, लक्षणापरक और व्यंजनापरक अर्थ, विषय-वस्तु तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक संदर्भ शैली एवं प्रयुक्ति की विशिष्टता को यथासंभव सुरक्षित रखते हुए पुन:सृजन किया जाता है। वर्तमान युग में प्रशासन, वाणिज्य-व्यापार, जनसंचार आदि के कार्यकलापों के आदान-प्रदान से सूचनापरक सामग्री उपलब्ध होती है। इन सभी तथ्यों से जहाँ अनुवाद सिद्धांत को व्यापक आधार मिला है, वहाँ पाठ की विशिष्टता के आधार पर वह विशेषीकृत भी बना है। इसलिए अनुवाद की प्रकृति के बारे में विभिन्न विचारधाराओं का उभरना स्वाभाविक है।

भाषाई अनुवाद की प्रमुख समस्याएं: सांस्कृतिक अंतर - हर भाषा की अपनी संस्कृति और पृष्ठभूमि होती है। कुछ अवधारणाएं (जैसे भारतीय संदर्भ में 'हरक्यूलियन एफर्ट' के लिए 'भगीरथ प्रयास') एक भाषा में होती हैं, जो दूसरी में नहीं होतीं, जिससे अनुवादक को सही सांस्कृतिक समतुल्य खोजना पड़ता है। मुहावरें और लोकोक्तियाँ मे अर्थ शब्दों से नहीं, बल्कि उनके प्रयोग से निकलता है। इनका शाब्दिक अनुवाद अक्सर गलतफहमी पैदा करता है, इसलिए सही अर्थ और भाव के साथ अनुवाद करना एक चुनौती है। संदर्भ और लहजे को समझना महत्वपूर्ण है। संदर्भ के बिना, केवल शब्दों का अनुवाद करने से मूल संदेश का अर्थ बदल सकता है। एक शब्द के कई अर्थ हो सकते हैं। स्रोत भाषा में सही अर्थ चुनना और लक्ष्य भाषा में उसका सटीक पर्याय खोजना मुश्किल होता है। वाक्यों की संरचना, पदबंध,और उपवाक्य अलग-अलग भाषाओं में भिन्न होते हैं, जिससे सीधा अनुवाद कठिन हो जाता है विशेष क्षेत्रों (जैसे विज्ञान, कानून, चिकित्सा) की अपनी विशिष्ट शब्दावली होती है, जिसे अनुवादक को समझना और सही ढंग से प्रयोग करना होता है।

## अनुवाद की सीमाएँ

अनुवाद और अनुवाद-प्रक्रिया की जिन विलक्षणताओं को अनुवाद विज्ञानियों ने बार-बार रेखांकित किया है, उन्हीं के परिपाश्र्व से हिन्दी अनुवाद की अनेकानेक समस्याएँ भी उभरी हैं।

बकौल प्रो. बालेन्दु शेखर तिवारी हिन्दी के उचित दाय की संप्राप्ति में जिन बहुत सारी समस्याओं को राह का पत्थर समझा जा रहा है उनमें अनुवाद की समस्याएँ अपनी विशिष्ट पहचान रखती हैं।

अनुवाद से भाषा का संस्कार होता है, उसका आधुनिकीकरण होता है। वह दो भिन्न संस्कृतियों को जोड़ने वाला संप्रेषण सेतु है। एक भाषा को दूसरी भाषा में अन्तरण की प्रक्रिया में अनुवादक दो भिन्न संस्कृति में स्थित समतुल्यता की खोज करता है। एतदर्थ उसे पर्यायवाची शब्दों के विविध रूपों से जूझना पड़ता है। इसी खोज और संतुलन बनाने की प्रक्रिया में कभी-कभी एक ऐसा भी मोड़ आता है जहाँ अनुवादक को निराश होना पड़ता है। समतुल्यता या पर्यायवाची शब्द हाथ न लगने की निराशा।

अननुवाद्यता की यही स्थिति अनुवाद की सीमा है। जरूरी नहीं कि हर भाषा और संस्कृति का पर्यायवाची दूसरी भाषा और संस्कृति में उपलब्ध हो। प्रत्येक शब्द की अपनी सत्ता और सन्दर्भ होता है। कहा तो यह भी जाता है कोई शब्द किसी का पर्यायवाची नहीं होता। प्रत्येक शब्द एवं रूप का अपना-अपना प्रयोग गत अर्थ-संदर्भ सुरक्षित है। इस दृष्टि से एक शब्द को दूसरे की जगह रख देना भी एक समस्या है।

स्पष्ट है कि हर रूप की अपनी-अपनी समस्याएँ हैं और इन समस्याओं के कारण अनुवाद की सीमाएँ बनी हुई हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए कैटफोर्ड ने अनुवाद की सीमाएँ दो प्रकार की बतायी हैं-

1. भाषापरक सीमाएँ और
2. सामाजिक-सांस्कृतिक सीमाएँ

भाषा परक सीमा से अभिप्राय यह है कि स्रोत-भाषा के शब्द, वाक्यरचना आदि का पर्यायवाची रूप लक्ष्य-भाषा में न मिलना। सामाजिक-सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के अन्तरण में भी काफी सीमाओं का सामना करना पड़ता है क्योंकि प्रत्येक भाषा का सम्बन्ध अपनी सामाजिक-सांस्कृतिक व्यवस्था से जुड़ा हुआ है। परंतु पोपोविच का कहना है कि भाषापरक समस्या दोनों भाषाओं की भिन्न संरचनाओं के कारण उठ सकती है किन्तु सामाजिक-सांस्कृतिक समस्या सर्वाधिक जटिल होती है।

इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि भाषापरक और सामाजिक -सांस्कृतिक समस्याएँ एक-दूसरे के साथ गुँथी हुई हैं, अत: इसका विवेचन एक दूसरे को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। बहरहाल, इस चर्चा से यह स्पष्ट हो गया कि अनुवाद की सीमाओं को तीन वर्गों में विभाजित किया जा सकता है :

1. भाषापरक सीमाएँ,
2. सामाजिक-सांस्कृतिक सीमाएँ
3. पाठ-प्रकृतिपरक सीमाएँ

1. **अनुवाद की भाषापरक सीमाएँ**

जैसा कि ऊपर संकेत किया जा चुका है कि प्रत्येक भाषा की अपनी संरचना एवं प्रकृति होती है। इसीलिए स्रोत-भाषा और लक्ष्य-भाषा के भाषिक रूपों में समान अर्थ मिलने की स्थिति बहुत कम होती है। कई बार स्रोत-भाषा के समान वाक्यों में सूक्ष्म अर्थ की प्राप्ति होती है लेकिन उनका अन्तरण लक्ष्य-भाषा में कर पाना सम्भव नहीं होता।

उदाहरणार्थ इन दोनों वाक्यों को देखें: 'लकड़ी कट रही है' और 'लकड़ी काटी जा रही है'। सूक्ष्म अर्थ भेद के कारण इन दोनों का अलग-अलग अंग्रेजी अनुवाद संभव नहीं होगा। फिर किसी कृति में अंचल-विशेष या क्षेत्र-विशेष के जन-जीवन का समग्र चित्रण अपनी क्षेत्रीय भाषा या बोली में जितना स्वाभाविक या सटीक हो पाता है उतना भाषा के अन्य रूप में नहीं। जैसे कि फणीश्वरनाथ रेणु का 'मैला आँचल'। इस उपन्यास में अंचल विशेष के लोगों की जो सहज अभिव्यक्ति मिलती है उसे दूसरी भाषा में अनुवाद करना बहुत कठिन कार्य है।

इसके अतिरिक्त भाषा की विभिन्न बोलियाँ अपने क्षेत्रों की विशिष्टता को अपने भीतर समेटे होती हैं। यह प्रवृत्ति ध्वनि, शब्द, वाक्य आदि के स्तरों पर देखी जा सकती है। जैसे चीनी, जापानी आदि भाषाएँ ध्वन्यात्मक न होने के कारण उनमें तकनीकी शब्दों को अनूदित करना श्रम साध्य होता है। अनुवाद करते समय नामों के अनुवाद की समस्या भी सामने आती है। लिप्यंतरणन्तरण करने पर उनके उच्चारण में बहुत अन्तर आ जाता है। स्थान विशेष भी भाषा को बहुत प्रभावित करता है। उदाहरण के लिए एस्किमो भाषा में बर्फ के ग्यारह नाम हैं जिसे दूसरी भाषा में अनुवाद करना सम्भव नहीं है।

वास्तव में हिन्दी में अनुवाद की समस्याएँ इस भाषा के मूलभूत चरित्र की न्यूनताओं और विशिष्टताओं से जुड़ी हुई हैं। वस्तुत: हिन्दी जैसी विशाल हृदय भाषा में अनुवाद की समस्याएँ अपनी अलग पहचान रखती हैं। भिन्नार्थकता, न्यूनार्थकता, आधिकारिकता, पदाग्रह, भिन्नाशयता और शब्दविकृति जैसे दोष ही हिन्दी में अनुवाद कार्य के पथबाधक नहीं हैं, बल्कि हिन्दी के अनुवादक को अपनी रचना की संप्रेषणीयता की समस्या से भी जूझना पड़ता है। निम्नलिखित आरेख से बातें स्पष्ट हो जाएगीं-

2. **अनुवाद की सामाजिक-सांस्कृतिक सीमाएँ**

उपर्युक्त संस्कृति-चक्र से स्पष्ट है कि भाषा और संस्कृति का अटूट सम्बन्ध होता है। अनुवाद तो दो भिन्न संस्कृतियों को जोड़ने वाला संप्रेषण-सांस्कृतिक सेतु है। एक भाषा को दूसरी भाषा में अन्तरण की प्रक्रिया में अनुवादक दो भिन्न संस्कृति में स्थित समतुल्यता की खोज करता है। वास्तव में मानव अभिव्यक्ति के एक भाषा रूप में भौगोलिक, ऐतिहासिक और सामाजिक-सांस्कृतिक तत्त्वों का समावेश हो जाता है जो एक भाषा से दूसरी भाषा में भिन्न होते हैं।

अत: स्रोत-भाषा के कथ्य को लक्ष्य-भाषा में पूर्णतया संयोजित करने में अनुवादक को कई बार असमर्थता का सामना करना पड़ता है। यह बात अवश्य है कि सांस्कृतिक भाषाओं की अपेक्षा विषम सांस्कृतिक भाषाओं के परस्पर अनुवाद में कुछ हद तक अधिक समस्याएँ रहती हैं। 'देवर-भाभी', 'जीजा-साली' का अनुवाद युरोपीय भाषा में नहीं हो सकता क्योंकि भाव की दृष्टि से इसमें जो सामाजिक सूचना निहित है ,वह शब्द के स्तर पर नहीं आँकी जा सकती।

इसी प्रकार भारतीय संस्कृति के 'कर्म' का अर्थ न तो 'action' हो सकता है और न ही 'performance' क्योंकि 'कर्म' से यहाँ पुनर्जन्म निर्धारित होता है जबकि 'action' और 'performance' में ऐसा भाव नहीं मिलता।

3. **अनुवाद की पाठ-प्रकृतिपरक सीमाएँ**

अनुवाद की आवश्यकता का अनुभव हिन्दी में इसी कारण तीव्रता से किया गया कि भाषाओं के पारस्परिक आदान-प्रदान से हिन्दी को समृद्ध होने में सहायता मिलेगी और भाषा के वैचारिक तथा अभिव्यंजनामूलक स्वरूप में परिवर्तन आएगा। हिन्दी में अनुवाद के महत्त्व को मध्यकालीन टीकाकारों ने पांडित्य के धरातल पर स्वीकार किया था, लेकिन यूरोपीय सम्पर्क के पश्चात् हिन्दी को अनुवाद की शक्ति से परिचित होने का वृहत्तर अनुभव मिला। हिन्दी में

अनुवाद की परम्परा भले ही अनुकरण से प्रारम्भ हुई, लेकिन आज ज्ञान-विज्ञान की विभिन्न शाखाओं में अनुवाद की विभिन्न समस्याओं ने हिन्दी का रास्ता रोक रखा है।

विभिन्न विषयों तथा कार्यक्षेत्रों की भाषा विशिष्ट प्रकार की होती है। प्रशासनिक क्षेत्र में कई बार 'sanction' और 'approval' का अर्थ सन्दर्भ के अनुसार एक जैसा लगता है, अत: वहाँ दोनों शब्दों में भेद कर पाना सम्भव नहीं है। इसी प्रकार जीवविज्ञान में 'poison' और 'venom' शब्दों का अर्थ एक है किन्तु ये अपने विशिष्ट गुणों के कारण भिन्न हो जाते हैं। अत: पाठ की प्रकृति के अनुसार पाठ का विन्यास करना पड़ता है। जब तक पाठ की प्रकृति और उसके पाठक का निर्धारण नहीं हो पाता तब तक उसका अनुवाद कर पाना सम्भव नहीं हो पाता।

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि हर भाषा की अपनी संरचनात्मक व्यवस्था और सामाजिक-सांस्कृतिक परम्परा होती है। इसके साथ-साथ विभिन्न प्रयोजनों में प्रयुक्त होने के कारण उसका अपना स्वरूप भी होता है। यही कारण है कि अनुवाद की प्रक्रिया में स्रोत-भाषा और लक्ष्य-भाषा की समतुल्यता के बदले उसका न्यूनानुवाद या अधिअनुवाद ही हो पाता है।

**अनुवाद के कार्य**

अनुवाद का कार्य व्यापारियों द्वारा नए स्थानों की यात्रा करने के लिए और उस क्षेत्र के लोगों के साथ बातचीत करने के लिए इस्तेमाल किया जाता था। हर कोई ज्ञान या जानकारी का भंडार है तथा किसी की भावनाओं, विचारों, राय, कुछ तथ्यों को आम जनता के साथ व्यक्त करने के लिए मशीन अनुवाद द्वारा सुलभ बना सकते हैं।

भारतीय संदर्भ में, अनुवाद पाली, प्राकृत, देवनागरी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में पवित्रा ग्रंथों के अनुवाद के साथ शुरू हुआ। यह दुनिया भर में नैतिक मूल्यों, लोकाचार, परंपरा, मान्यताओं और संस्कृति के संचारण करने में मदद करता है।

**अनुवाद के क्षेत्र**

आज की दुनिया में अनुवाद का क्षेत्र बहुत व्यापक हो गया है। शायद ही कोई क्षेत्र बचा हो जिसमें अनुवाद की उपादेयता को सिद्ध न किया जा सके। इसलिए यह कहना अतिशयोक्ति न होगी कि आधुनिक युग के जितने भी क्षेत्र हैं सबके सब अनुवाद के भी क्षेत्र हैं, चाहे न्यायालय हो या कार्यालय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी हो या शिक्षा, संचार हो या पत्रकारिता, साहित्य का हो या सांस्कृतिक सम्बन्ध। इन सभी क्षेत्रों में अनुवाद की महत्ता एवं उपादेयता को सहज ही देखा-परखा जा सकता है।

1. **न्यायालय :** अदालतों की भाषा प्राय: अंग्रेजी में होती है। इनमें मुकद्दमों के लिए आवश्यक कागजात अक्सर प्रादेशिक भाषा में होते हैं, किन्तु पैरवी अंग्रेजी में ही होती है। इस वातावरण में अंग्रेजी और प्रादेशिक भाषा का बारी-बारी से परस्पर अनुवाद किया जाता है।

2. **सरकारी कार्यालय :** आज़ादी से पूर्व हमारे सरकारी कार्यालयों की भाषा अंग्रेजी थी। हिन्दी को राजभाषा के रूप में मान्यता मिलने के साथ ही सरकारी कार्यालयों के अंग्रेजी दस्तावेजों का हिन्दी अनुवाद ज़रूरी हो गया। इसी के मद्देनज़र सरकारी कार्यालयों में राजभाषा प्रकोष्ठ की स्थापना कर अंग्रेजी दस्तावेज़ों का अनुवाद तेजी से हो रहा है।

3. **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी** : देश-विदेश में हो रहे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के गहन अनुसंधान के क्षेत्र में तो सारा लेखन-कार्य उन्हीं की अपनी भाषा में किया जा रहा है। इस अनुसंधान को विश्व पटल पर रखने के लिए अनुवाद ही एक मात्र साधन है। इसके माध्यम से नई खोजों को आसानी से सबों तक पहुँचाया जा सकता है। इस दृष्टि से शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में अनुवाद बहुत ही महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

4. **शिक्षा :** भारत जैसे बहुभाषा-भाषी देश के शिक्षा-क्षेत्र में अनुवाद की भूमिका को कौन नकार सकता है। कहना अतिशयोक्ति न होगी कि शिक्षा का क्षेत्र अनुवाद के बिना एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकता। देश की प्रगति के लिए परिचयात्मक साहित्य, ज्ञानात्मक साहित्य एवं वैज्ञानिक साहित्य का अनुवाद बहुत ज़रूरी है। आधुनिक युग में विज्ञान, समाज-विज्ञान, अर्थशास्त्र, भौतिकी, गणित आदि विषय की पाठ्य-सामग्री अधिकतर अंग्रेजी में लिखी जाती है। हिन्दी प्रदेशों के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए इन सब ज्ञानात्मक अंग्रेजी पुस्तकों का हिन्दी अनुवाद तो हो ही रहा है, अन्य प्रादेशिक भाषाओं में भी इस ज्ञानसंम्पदा को रूपान्तरित किया जा रहा है।

5. **जनसंचार** : जनसंचार के क्षेत्र में अनुवाद का प्रयोग अनिवार्य होता है। इनमें मुख्य हैं समाचार-पत्र, रेडियो, दूरदर्शन। ये अत्यन्त लोकप्रिय हैं और हर भाषा-प्रदेश में इनका प्रचार बढ़ रहा है। आकाशवाणी एवं दूरदर्शन में भारत की सभी प्रमुख भाषाओं में समाचार प्रसारित होते हैं। इनमें प्रतिदिन 22 भाषाओं में खबरें प्रसारित होती हैं। इनकी तैयारी अनुवादकों द्वारा की जाती है।

**6. साहित्य :** साहित्य के क्षेत्र में अनुवाद वरदान साबित हो चुका है। प्राचीन और आधुनिक साहित्य का परिचय दूरदराज के पाठक अनुवाद के माध्यम से पाते हैं। 'भारतीय साहित्य' की परिकल्पना अनुवाद के माध्यम से ही संभव हुई है। विश्व-साहित्य का परिचय भी हम अनुवाद के माध्यम से ही पाते हैं। साहित्य के क्षेत्र में अनुवाद के कार्य ने साहित्यों के

तुलनात्मक अध्ययन को सुगम बना दिया है। विश्व की समृद्ध भाषाओं के साहित्यों का अनुवाद आज हमारे लिए कितना ज़रूरी है कहने या समझाने की आवश्यकता नहीं।

7. **अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध** : अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध अनुवाद का सबसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है। विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों का संवाद मौखिक अनुवादक की सहायता से ही होता है। प्राय: सभी देशों में एक दूसरे देशों के राजदूत रहते हैं और उनके कार्यालय भी होते हैं। राजदूतों को कई भाषाएँ बोलने का अभ्यास कराया जाता है। फिर भी देशों के प्रमुख प्रतिनिधि अपने विचार अपनी ही भाषा में प्रस्तुत करते हैं। उनके अनुवाद की व्यवस्था होती है। इस प्रकार हम देखते हैं कि अन्तर्राष्ट्रीय मैत्री एवं शान्ति को बरकरार रखने की दृष्टि से अनुवाद की भूमिका बहुत ही महत्त्वपूर्ण है।

8. **संस्कृति** : अनुवाद को 'सांस्कृतिक सेतु' कहा गया है। मानव-मानव को एक दूसरे के निकट लाने में, मानव जीवन को अधिक सुखी और सम्पन्न बनाने में अनुवाद की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। 'भाषाओं की अनेकता' मनुष्य को एक दूसरे से अलग ही नहीं करती, उसे कमजोर, ज्ञान की दृष्टि से निर्धन और संवेदन शून्य भी बनाती है। 'विश्वबंधुत्व की स्थापना' एवं 'राष्ट्रीय एकता' को बरकरार रखने की दृष्टि से अनुवाद एक तरह से सांस्कृतिक सेतु की तरह महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है।

भाषाई अनुवाद की आवश्यकता -वैश्विक संपर्क, सांस्कृतिक समझ, व्यापार, शिक्षा, और प्रशासन के लिए ज़रूरी है, क्योंकि यह विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के बीच विचारों, सूचनाओं और ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक सेतु का काम करता है, जिससे राष्ट्रीय एकता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ता है, साथ ही यह तकनीकी प्रगति और रोज़गार के नए अवसर भी पैदा करता है। अनुवाद हमारी जुड़ी हुई दुनिया में एक सेतु का काम करता है, जो विचारों के आदान-प्रदान, राजनीतिक सहयोग, जैसे-जैसे हमारी दुनिया आपस में जुड़ती जा रही है, विविधता के सागर में समझ के एक प्रकाश स्तंभ के रूप में अनुवाद की महत्वपूर्ण होती जा रही है।भारत जैसे बहुभाषी देश मे अनुवाद एक विभिन्न भारतीय भाषाओ के बीच संपर्क स्थापित कर राष्ट्रीय एकता अखंडता कि भावना को मजबूत करता है।विभिन्न भाषा भाषी लोग आपस मे बातचीत करने और एक दूसरे के विचारो को समझने के लिए अनुवाद आवशक है,खासकर जब उन्हे एक दूसरे कि भाषा न आती हो।

भाषाई अनुवाद साहित्य और संस्कृति के आदान प्रदान का महत्वपूर्ण साधन है। इसी के द्वारा ही हम विभिन्न देशो के साहित्य ( जैसे-भारतीय, चीनी, जापानी, इटालियन) और उनकी संस्कृति को अपनी भाषा मे पढ़ और समझ सकते है। वैश्विकरण के ईस दौर मे व्यवसाय को वैश्विक बनाने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए पेशेवर अनुवाद कि जरूरत है। भाषाई अनुवाद द्वारा ही आंतरराष्ट्रीय संबंध स्थापित होते है।राजनैतिक वार्तओं और देशो के बीच संबधो को मजबूत करने मे अनुवादक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अनेकों भाषा विशेष कि सामग्री को पहचान दिलाने और पूरे विश्व को करीब लाने का शक्तिशाली और अनिवार्य साधन भाषाई अनुवाद है।

आज अनुवाद का क्षेत्र बहुत ही व्यापक हो गया है। वाणिज्य, शिक्षा, पर्यटन, जनसंचार, प्रशासन, विज्ञान, प्रद्योगिकी इनके साथ साथ जीवन के हर क्षेत्र में प्रयोजनमूलक उददेशों के कारण अनुवाद के क्षेत्र में वृद्धि हो गयी है। भाषाई अनुवाद आज एक रोजगार का माध्यम भी बन गया है। फिल्म उद्योग, देश विदेशी संस्थाओ में अनुवाद संबधी रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे है।

भारत के अनुच्छेद 343 मे हिन्दी को राजभाषा घोषित किया गया है। राजभाषा विधेयक 1967 के अनुसार हिन्दी और अँग्रेजी मे सरकारी कामकाज की व्यवस्था है। भारत सरकार के सभी विभागो ,कार्यालय ,सरकारी कंपनी ,संस्था,निगमों आदि मे अनुवाद की व्यवस्था है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो की स्थापना की गयी है।

### अनुवाद के विज्ञापन,समाचार पत्र, संविधान, अधिनियम, अद्यादेश, बैईक, रेल, रक्षा, कृषी, खेल, और विधि अनुवाद इन व्यावसायिक क्षेत्रों का सामान्य परिचय

**1.विज्ञापन** -विज्ञापन वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से विभिन्न वस्तुएं, सेवाओं या विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए सूचना जनता तक पहुंचाई जाती है। सरकारी विज्ञापन विशेष रूप से सरकार द्वारा जनता को योजनाओं, कार्यक्रमों, नीतियों की जानकारी देने के लिए किए जाते हैं। इनमें निष्पक्षता, पारदर्शिता, गैर-पक्षपात, वस्तुनिष्ठता और कानूनी अनुपालन अनिवार्य होते हैं। भारत में सरकारी विज्ञापन पर सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देश लागू हैं जो राजनीतिक लाभ के लिए विज्ञापन दुरुपयोग को रोकते हैं।

**2. समाचार पत्र**

समाचार पत्र सूचना प्रसारित करने का प्रमुख माध्यम हैं। भारत में समाचार पत्रों के प्रकाशन और नियंत्रण के लिए कई पुराने अधिनियम जैसे 1867 का पंजीकरण अधिनियम, 1878 का देशी भाषा समाचार पत्र अधिनियम, 1908 का

न्यूज़पेपर एक्ट, 1931 तथा 1951 के समाचार पत्र अधिनियम इतिहास में बने। ये अधिनियम समाचार पत्रों के पंजीकरण, सेंसरशिप, मुद्रणालय, संपादकों के कर्तव्य और दंड आदि का नियमन करते हैं।

3. **संविधान**

संविधान भारत का सर्वोच्च कानून है, जो राज्य के शासन, नागरिक अधिकार, विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका की संरचना एवं उनके अधिकार-कर्तव्य निर्धारित करता है। संविधान के नियम एवं दिशानिर्देश, जैसे अनुच्छेद 142 और भाग IV (संयुक्त राज्य का निदेशक सिद्धांत) सरकारी विज्ञापन व अन्य सरकारी कृत्यों में न्यायालय द्वारा मार्गदर्शक बनाए गए हैं।

4. **अधिनियम**

अधिनियम संसद या राज्य विधानमंडल द्वारा बनाए गए लिखित कानून होते हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में नियम बनाते हैं। जैसे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज अधिनियम, केबल टेलीविजन नेटवर्क अधिनियम आदि। ये अधिनियम संबंधित विषयों में नियमन, दंड व्यवस्था, और कर्तव्य निर्धारित करते हैं।

**अध्यादेश**

अध्यादेश वह तात्कालिक कानून होता है जिसे राष्ट्रपति या राज्यपाल अपने अनुसार संसद या विधानमंडल के सत्र के बीच जारी करते हैं। इसका उपयोग तब होता है जब आवश्यक होता है कि बिना संसदीय मंजूरी के कानून को तुरंत लागू किया जाए। अध्यादेश संसद या विधानमंडल द्वारा स्वीकृत होने पर अधिनियम बन जाता है।

**6. बैंक**

बैंक वित्तीय संस्थान होते हैं जो जमाओं को स्वीकारते हैं, ऋण देते हैं और वित्तीय सेवाएं प्रदान करते हैं। बैंकिंग नियमन रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और अन्य वित्तीय नियमों द्वारा नियंत्रित होता है।

**7. रेल**

भारतीय रेल देश का प्रमुख परिवहन प्रणाली है। इसे रेलवे अधिनियम के तहत नियंत्रित किया जाता है जिसमें रेलवे की सुरक्षा, यातायात, सेवा नियम, टिकटिंग, दरें आदि शामिल हैं।**8. रक्षा**

रक्षा से संबंधित कानून और क़ानूनी व्यवस्थाएं देश की सुरक्षा, सशस्त्र बलों के गठन, प्रयोग और संचालन के लिए बनाए गए हैं। यह संघीय और वैधानिक नियंत्रण के अधीन होता है।

**9. कृषि**

कृषि क्षेत्र को विकसित एवं नियंत्रित करने हेतु कई कानून और योजनाएं लागू होती हैं, जैसे फ़सल बीमा योजना, भूमि अधिनियम आदि, जो कृषकों के हित में बनाई जाती हैं।

**10. खेल**

खेलों के संचालन, प्रोत्साहन और नियम-व्यवस्था के लिए विभिन्न खेल संघ और सरकार के विभाग कार्यरत हैं। राष्ट्रीय खेल नीति तथा विभिन्न खेल अधिनियम इसका मार्गदर्शन करते हैं।

**11. विधि अनुवाद**

विधि अनुवाद में विभिन्न कानूनों, आदेशों, अधिनियमों, न्यायालयीन निर्णयों का एक भाषा से दूसरी भाषा में सटीक तथा तकनीकी अनुवाद किया जाता है ताकि न्यायालयीन और प्रशासनिक कार्यवाही सुगम हो सके।

**निष्कर्ष**

अनुवाद विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के लोगों को जोड़ता है, जिससे विश्व बंधुत्व और समझ बढ़ती है। यह साहित्य, दर्शन और विचारों के आदान-प्रदान को सक्षम बनाता है, जिससे विश्व साहित्य और संस्कृति का विकास होता है। यह तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति (जैसे कंप्यूटर, इंटरनेट) के साथ मिलकर सूचना और संचार को दुनिया भर में फैलाता है।अनुवाद के कारण ही आज विश्व एक दूसरे के करीब आया है।

बाजार विस्तार, ग्राहक जुड़ाव और विश्वास , संचार में सुधार, कानूनी और तकनीकी सटीकता , ब्रांड प्रतिष्ठा और स्थानीयकरण, SEO और ऑनलाइन दृश्यता इन व्यावसायिक क्षेत्र में अनुवाद की उपयोगिता बढ़ गई है।

सरकारी विज्ञापन निष्पक्ष, पारदर्शी और गैर-राजनीतिक होने चाहिए, जिनका नियंत्रण सुप्रीमकोर्ट के दिशानिर्देशों और संबंधित कानूनोंद्वारा होता है। समाचारपत्रों के प्रकाशन पर ऐतिहासिक और आधुनिक अधिनियम लागू हैं जो स्वतंत्रता, नियंत्रण, और दंडका प्रावधान करते हैं। संविधान, अधिनियम, और अध्यादेश भारत के शासन और कानून व्यवस्था के आधार हैं। बैंकिंग, रेल, रक्षा, कृषि, और खेल संबंधित क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय कानूनों के अधीन हैं। विधि अनुवाद न्यायिक एवं कानूनी समझ को भाषा बाधाओं से मुक्त करता है।

इस प्रकार, संबंधित क्षेत्रों की संक्षिप्त जानकारी उपयुक्त नियामक एवं संवैधानिक ढांचे के अंतर्गत समझी जा सकती है। संक्षेप में, अनुवाद वैश्विक व्यापार की रीढ़ है, जो व्यवसायों को भाषाई बाधाओं को पार करने और दुनिया भर में सफल होने में मदद करता है।

**संदर्भ-**


1. तिवारी भोलानाथ, -अनुवाद विज्ञान, किताबघर प्रकाशन,२०१३ ,नयी दिल्ली।
2. व्यावहारिक अनुवाद- डॉ. विश्वनाथ अय्यर एन.ई.,प्रभात प्रकाशन,२०१६
3. डॉ. भाटिया कैलाश चंद्र , अनुवाद कला: सिद्धांत और प्रयोग, तक्षशिला प्रकाशन, २०००, नयी दिल्ली।
4. डॉ. टंडन पुरनचंद, अनुवाद साधना-अभिव्यक्ति प्रकाशन,२००७


• **Copyright & License:**
© Authors retain the copyright of this article. This work is published under the Creative Commons Attribution 4.0 International License (CC BY 4.0), permitting unrestricted use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited.